22:42 57%

Govt Mankunwarbai Mahavidyalaya is with **Pratima Shrivastava**.

23 Mar 2019 at 21:31 •

Promotion of Voting

Priti Jhariya and 63 others 2 comments

Like Comment Share




1

Like Comment Share

22:42 57%

26 Mar 2019 at 18:25 •

रानीताल क्रीडांगन (स्टेडियम) में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में *शा मानकुंवरबाई महिला महाविद्यालय की स्वीप संयोजक डॉ नुपूर निखिल दे... See more

Sunita Mishra and 40 others

Like Comment Share




1

Like Comment Share




Like Comment Share

22:43 57%

**Govt Mankunwarbai Mahavidyalaya**

23 Mar 2019 at 16:27 •

कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न शासकीय अशासकीय संस्थाओं को बेटन सौपी गयी। इ... See more

Mamta Sharma and 57 others  1 Comment

Like  Comment  Share



**Govt Mankunwarbai Mahavidyalaya**

2 Apr 2019 at 07:40 •

News Views



# छात्राओं ने रैली निकालकर दिया मतदाता जागरूकता

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

जबलपुर ● डॉ. भीमराव अंबेडकर दूरसंचार प्रशिक्षण संस्थान में शासकीय मानकुंवर बाई महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। छात्राओं ने संस्थान के शासकीय कर्मचारियों को मतदान के लिए प्रेरित किया। सभी छात्राएं महाविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता आश्वस्ति प्रकोष्ठ के अंतर्गत 300 घंटे की ब्रॉडबैंड टेक्निशियन प्रशिक्षण के अंतिम चरण में प्रायोगिक परीक्षण के लिए पहुंची थी। तकरीबन 150 छात्राएं कार्यक्रम का हिस्सा बनीं। यह आयोजन प्राचार्य डॉ. गीता श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। दूरसंचार प्रशिक्षण संस्थान की महाप्रबंधक निधि माथुर ने मतदान की शपथ दिलवाई। इस दौरान डॉ. सुधा मेहता, डॉ. नूपुर देशकर, शिक्षण प्रबंधक सोनल मिश्रा, डॉ. शोभना पांडे, डॉ. अरुणा, डॉ. सीमा की मौजूदगी रही।

LOOP 481

हल 480

शुरुआत कैसे करें

विभिन्न

युवा रा

Voter Awareness Programme

Shashi Upadhyay and 64 others

Like Comment Share




4

Like Comment Share




3


महिला महाविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.)
मतदाता जागरूकता क्लब






31.10.19 को "राष्ट्रीय एकता दिवस" पर प्राचार्य - डा. गीता श्रीवास्तव द्वारा कर्मचारियों एवं छात्राओं को शपथ दिलाई गई।



Govt Mankunwarbai Mahavidyalaya

**Govt Mankunwarbai Mahavidyalaya**

18 Aug 2020 at 12:12 ·

ews Views

नेहरू नगर, शा.उ.मा.वि. घमापुर, सेंट नोर्बेटस कन्या उ.मा.वि. नेपियर टाउन, सेंट थामस उ.मा.वि. सदर, सेंट जोसफ क. उ.मा.वि. रीझी जबलपुर एवं सभी कन्टेनमेन्ट क्षेत्रों माढ़ोताल बस्ती, गढ़ा फाटक सरस्वती स्कूल के पास, जगदीश मंदिर, डॉक्टर मोहल्ला, बड़ी खेरमाई, पंजाब बैंक कॉलोनी, दमोहनाका, जयप्रकाश नारायण वार्ड, रामेश द्वार,

कार्य योजना तैयार कराई है, जिसके तहत् प्रतिदिन सघन रूप से कीटनाशक दवाईयों एवं सोडियम हाईपोक्लोराइड का छिड़काव बड़े पैमाने पर शहर भर में कराया जा रहा है जिससे लोगों को राहत मिल रही है। यह अभियान शहर के समस्त वार्डों में मच्छरों के विनिष्टीकरण कार्य हेतु प्रारंभ है तथा इसे निरंतर जारी रखा जाएगा।

# शासकीय मानकुंवर बाई कला एवं वाणिज्य महिला महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन



जबलपुर एमपीजेएस न्यूज

मानकुंवर बाई महिला महाविद्यालय में 15 अगस्त 2020 स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य एवं अतिरिक्त संचालक मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा जबलपुर संभाग की प्रभारी डॉ. लीला भलावी द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं अपना उद्बोधन दिया। यह कार्यक्रम सरकार की गाईड लाइन को ध्यान में रखते हुए स्टॉफ की 30 प्रतिशत उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कैप्टन सपना चावला, प्राध्यापक वाणिज्य एवं एनसीसी अधिकारी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रश्मि चौबे, एनएसएस अधिकारी डॉ. अरुणा, क्रीड़ाधिकारी डॉ. ज्योति जाट, डॉ. पुष्पा बनर्जी प्राध्यापक संगीत विभाग का विशेष सहयोग रहा।

गणतंत्र-दिवस (M.K.B.) 26/01/2020





नईदुनिया
जबलपुर, गुरुवार 25 अगस्त 2016

24-8-2016

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का सम्मान



जबलपुर। लाइव

जरा याद करो कुर्बानी अंतर्गत स्वतंत्रता पखवाड़े का समापन बुधवार को शासकीय मानकुंवरबाई कॉलेज में हो गया। इस मौके पर कॉलेज के आईक्यूएसी के तत्वावधान में प्राचार्य, स्टाफ व छात्राओं ने राष्ट्रगीत व मप्र गान की सस्वर प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कोमलचंद जैन का प्राचार्य डॉ. ऊषा दुबे द्वारा सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि ने छात्राओं को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के देशप्रेम, त्याग, बलिदान की अमर गाथाएं सुनाई व छात्राओं को देश के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा 10 अगस्त से आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता रहीं छात्राओं को प्रमाण पत्रों का वितरण किया। सभी कार्यक्रम आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. आशा पांडे के निर्देश व सदस्यों डॉ. जेके गुजराल, डॉ. नीना उपाध्याय, डॉ. अर्चना सिंह व डॉ. अर्चना देवलिया का संयोजन रहा। छात्राओं ने देश के प्रति कर्तव्यनिष्ठा का संकल्प लिया।

पत्रिका . जबलपुर, गुरुवार 28 नवंबर, 2019
patrika.com

# महिलाओं के अधिकारों की दी जानकारी




जबलपुर ◆ मानकुंवर बाई कला एवं वाणिज्य स्वशासी महिला महाविद्यालय के राजनीति शास्त्र विभाग में एनएसएस के संयुक्त तत्वाधान में संविधान दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ. रश्मि चौबे की उपस्थिति में छात्राओं को संविधान में प्राप्त अधिकारों और कर्तव्यों की शपथ दिलाई गई। विषय विशेष के रूप में राजनीति शास्त्र विभाग के डॉ. वरुण राव बंसोड़कर, रासेयो प्रभारी डॉ. अरुणा ने संविधान व राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका, संविधान में प्राप्त महिलाओं के अधिकार और बाबा साहेब अम्बेडकर की उपलब्धियों के बारे में छात्राओं को जानकारी दी। सौम्या यादव, सिद्धी सराफ, निधि कौरव ने अपनी बात रखी। कार्यक्रम का संचालन राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता मिश्रा ने किया। इस अवसर पर डॉ. संध्या पचौरी, डॉ. संध्या चौबे व डॉ. सुलेखा मिश्रा उपस्थित थीं।

# शासकीय मानकुँवर बाई कला एवं वाणिज्य स्वशासी महिला महाविद्यालय जबलपुर (म.प्र.)

# ज्वाय ऑफ गिविंग क्लब

## प्रतिवेदन

2015 - 2020




डॉ. कामना श्रीवास्तव
संयोजक

डॉ. शोभना पाण्डेय
सदस्य

छात्राओं को समय-समय पर बुलाकर क्लब के उद्देश्यों से परिचय करवाया और साथ ही छात्राओं की मदद करने के लिए प्रेरित किया गया। बी.ए. के छात्राओं को आपस में नोट्स किताबें एक दूसरे को देने व एक दूसरे की छोटी-छोटी आवश्यकताओ में एक दूसरे की मदद करने के लिए प्रेरित किया गया तथा छात्राओं में स्वयं से अपने अन्दर **'देने का सुख'** अनुभव करने के लिए प्रेरित किया।

दिनांक 07-11-2015 को रचना जैन द्वारा एक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमे **'योगा का महत्त्व'** व **'देने का सुख'** विषय पर चर्चा की गई। छात्राओं ने उत्साह के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की व परिचर्चा में हिस्सा लिया। उन्हें यह समझ में आया कि देना सिर्फ किसी की आर्थिक या कोई चीज़ देने तक ही सीमित नहीं है वरना अन्य तरीकों से भी दूसरे की मदद की जा सकती है, वह कोई भी कार्य जिसे करने से आत्मिक संतोष मिले और दूसरों का किसी भी तरह से भला हो **'देने का सुख'** के अंतर्गत आता है। कार्यक्रम में डॉ. कामना श्रीवास्तव, डॉ. जे.के. गुजराल एवं मनोविज्ञान विभाग का सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन डॉ. अर्चना चतुर्वेदी ने किया। कार्यक्रम में डॉ. ब्रम्हानंद त्रिपाठी, डॉ. दीपक श्रीवास्तव, डॉ. वरुण बन्सोड़कर, डॉ. मीनू मिश्रा, डॉ. अरुणा आदि की उपस्थिति रही। बड़ी संख्या में छात्राओं ने इसका लाभ लिया।

श्री राम चन्द्र मिशन ग्राम अन्धुआ में महाविद्यालय का राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिवर का आयोजन किया गया था। जिसमें जॉय ऑफ़ गिविंग क्लब की छात्राओं एवं संयोजक एवं सदस्य डॉ.जे.के.गुजराल ने सहभागिता की तथा छात्राओं एवं ग्रामीणों में फल का वितरण किया गया। साथ ही ग्रामीणों को भी **'देने का सुख'** के बारे में जानकारी दी गई।

7/11/2015




'योगा का महत्त्व' व 'देने का सुख' विषय पर चर्चा

THE JOY OF GIVING



रचना जैन द्वारा 'देने का सुख' विषय पर व्याख्यान

छात्राओं को समय-समय पर बुलाकर क्लब के उद्देश्यों से परिचय करवाया और साथ ही छात्राओं की मदद करने के लिए प्रेरित किया। बी.ए. के बच्चों आपस में नोट्स किताबे आपस में एक दूसरे को देने व एक दूसरे की आवश्यकता को समझ कर उसकी मदद करने के लिए प्रेरित किया गया। अपने आसपास के वातावरण और लोगों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने की प्रेरणा दी गई तथा बच्चो को शारीरिक एवं मानसिक स्वस्थ बनाये रखने, पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण के लिए भी प्रेरित किया गया।

दिनांक 01-08-2016 को जॉय ऑफ़ गिविंग क्लब की छात्राओं द्वारा राखी एवं कार्ड्स बनाये गये। यह राखियाँ और कार्ड महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा अपने हाथ से सीमा पर तैनात फौजी भाइयों के लिए महाविद्यालय के माध्यम से भेजी गई। राखी बनाकर भेजने के लिए छात्राए उत्साहित दिखी क्योंकि यह राखियां फौजी भाइयों के लिए भेजी जा रही थी। राखी एवं कार्ड भेजकर छात्राओं ने ख़ुशी का इजहार किया। क्लब की सयोजक डॉ. कामना श्रीवास्तव एवं सदस्य डॉ. जे.के. गुजराल ने क्लब के उद्देश्यों से नव प्रवेशित छात्राओं को अवगत कराया फलस्वरूप छात्राओं ने सदस्य बनने में रूचि दिखाई। क्लब के द्वारा 15 अगस्त के राष्ट्रीय पर्व पर देश भक्ति फिल्म दिखाई गई। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. उषा दुबे के संरक्षण एवं IQAC डॉ. आशा पाण्डेय के मार्ग दर्शन एवं सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ कल्पना गुप्ता, डॉ. शांता राव एवं डॉ. अंजना धुर्वे उपस्थित थीं।

क्लब के द्वारा दिनांक 23, 24, 25-04-2017 को हार्डफुलनेस संस्था (श्री राम चन्द्र मिशन) द्वारा 3 दिवसीय ध्यान शिवर का आयोजन जॉय ऑफ़ गिविंग क्लब द्वारा करवाय द्वारा जिसमे बड़ी संख्या में छात्राओं, महाविद्यालय के प्राध्यापको ने सहभागिता की। कार्यक्रम में संस्था की श्रीमती डॉ. मुकुल मुखर्जी, श्रीमती सुनीता शुक्ला व रंजना मुद्रे का सहयोग रहा छात्राओं को दैनिक जीवन में ध्यान से होने वाले फायदों व मन का नियमन पर चर्चा की गई यह कार्यक्रम छात्राओं द्वारा बहुत पसंद किया गया क्योंकि उनके लिए यह नया अनुभव था कार्यक्रम के अंत में डॉ. कामना श्रीवास्तव द्वारा हार्डफुलनेस संस्था के लोगो के प्रति आभार प्रदर्शित किया गया।

01/08/2016



छात्राओं द्वारा फौजी भाइयों के लिये राखी एवं कार्ड्स बनाये गये

THE JOY OF GIVING



छात्राओं को पुस्तकें व सामग्री का वितरण

23/24/25/04/2017



हार्टफुलनेस संस्था की डॉ. मुकुल मुखर्जी का व्याख्यान



कार्यक्रम में प्राध्यापकों व छात्राओं की सहभागिता

छात्राओं को समय-समय पर बुलाकर क्लब के उद्देश्यों से परिचय करवाया और साथ ही छात्राओं को घर के बुजुर्गों की भावना को समझने एवं छोटे भाई – बहनों कि मदद करने के लिए प्रेरित किया और पर्यावरण संरक्षण कि जानकारी दी व पोलीथिन से होने वाले नुकसान कि जानकारी दी।

छात्राओं एवं महाविद्यालय परिवार में महाविद्यालय के प्राध्यापको द्वारा निर्धन छात्राओं एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए जीवन उपयोगी सामग्री का वितरण किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गीता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम का आयोजन कर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को वस्त्र एवं आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया व छात्राओं को पुस्तकें प्रदान की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्राए महाविद्यालय परिवार के सदस्यों की सहभागिता रही और कार्यक्रम IQAC के जॉय ऑफ़ गिविंग क्लब के अंतर्गत करवाया गया छात्राओं को एक दूसरे के सहयोग करने एवं मदद करने के लिए प्रेरित किया गया।

2017 + 2018



23.01.2018

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को वस्त्र एवं आवश्यक सामग्री का वितरण

THE JOY OF GIVING




23.01.2018

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को वस्त्र एवं आवश्यक सामग्री का वितरण


# सत्र 2019-20 - 25/01/2020


सत्र 2019-20 में भी क्लब के सदस्यों ने मीटिंग कर क्लब के उद्देश्यों पर चर्चा कर यह सुनिश्चित किया कि क्लब में सिर्फ वस्तुओ को एकत्रित कर उन्हें निर्धन छात्राओं और उन्हें चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को वितरित करने तक सीमित ना रखा जाये बल्कि छात्राओं की कोई भी व्यवहार या कौशल से जिसको मदद हो सकती है यथा संभव जितनी मदद की जा सकती है यह भावना छात्राओं में प्रेरणा की जाये छात्राओं के (स्व का विस्तार) करके सहानुभूति और परानुभूति पूर्ण व्यवहार कैसे पैदा किया जाये की जानकारी बढ़ाने हेतु प्रयासों को करने पर जोर दिया जाये इस पर चर्चा की गयी ।

23/02/2020




हार्टफुलनेस संस्था की डॉ. मुकुल मुखर्जी का ऑनलाइन व्याख्यान













जबलपुर, 31.03.2019
PATRIKA.COM/ENTERTAINMENT

# छात्राओं ने रैली निकालकर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

पत्रिका PLUS रिपोर्टर



**जबलपुर** • डॉ. भीमराव अंबेडकर दूरसंचार प्रशिक्षण संस्थान में शासकीय मानकुंवर बाई महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। छात्राओं ने संस्थान के शासकीय कर्मचारियों को मतदान के लिए प्रेरित किया। सभी छात्राएं महाविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता आश्वस्ति प्रकोष्ठ के अंतर्गत 300 घंटे की ब्रॉडबैंड टेक्निशियन प्रशिक्षण के अंतिम चरण में प्रायोगिक परीक्षण के लिए पहुंची थीं। तकरीबन 150 छात्राएं कार्यक्रम का हिस्सा बनीं। यह आयोजन प्राचार्य डॉ. गीता श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। दूरसंचार प्रशिक्षण संस्थान की महाप्रबंधक निधि माथुर ने मतदान की शपथ दिलवाई। इस दौरान डॉ. सुधा मेहता, डॉ. नुपुर देशकर, शिक्षण प्रबंधक सोनल मिश्रा, डॉ. शोभना पांडे, डॉ. अरुणा, डॉ. सीमा की मौजूदगी रही।

# हमारा एक वोट बहुत कीमती है...



# संसदीय कार्यशाला

दिनांक 24.03.2018 को राजनीतिशास्त्र विभाग द्वारा संसदीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। पंण्डित कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ भोपाल द्वारा प्रायोजित इस एक दिवसीय कार्यशाला में माननीय शरद जैन, राजयमंत्री स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मुख्य अतिथि के रूप में  महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष पण्डित दिलीप दुबे एवं कार्यक्रम की अध्यक्ष के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गीता श्रीवास्तव की उपस्थिति रही। विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. सुनील श्रीवास्तव एवं डॉ.राधा अग्रवाल ने संसदीय प्रक्रिया से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर जानकारी प्रदान की; लोकतन्त्रात्मक प्रक्रिया में संसदीय प्रणाली की महत्ता एवं अनिवार्यता पर प्रकाश डालते हुए डॉ. राधा अग्रवाल ने भारत में संसदीय व्यवस्था की स्थापना के संगठनात्मक परिप्रेक्ष्य पर प्रकाश डाला।मध्यप्रदेश विधानसभा की कार्यवाही के संदर्भ में विधानसभा की विभिन्न समितियों और उनके कार्यों के संबंध में जानकारी, तारांकित, अतारांकित प्रश्नों, शून्यकाल, प्रश्नकाल, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर चर्चा एवं निर्णय आदि पर विस्तृत जानकारी दी गई। माननीय मंत्री जी ने अपने अद्बोधन में यह भी जानकारी दी कि मध्यप्रदेश विधानसभा के सदस्यों द्वारा समय-समय पर देश की विभिन्न विधानसभाओं एवं विभिन्न देशों की व्यवस्थापिकाओं का भ्रमण कर उनकी कार्यविधि की जानकारी प्राप्त की जाती है एवं आवश्यक होने पर अपनी प्रक्रियाओं में उनका समावेश करे हैं; माननीय मंत्री जी ने इस अवसर पर छात्राओं को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें संसदीय प्रक्रियओं के बारे में जानने एवं इस अनुरूप कार्य करते हेतु कहा। छात्राओं के द्वारा माननीय मंत्री जी से संसदीय प्रक्रियाओं से संबंधित प्रश्न पूछे जिनका उत्तर भी माननीय मंत्री जी के द्वारा दिया गया।

इस कार्यशाला में राज्य मंत्री स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा माननीय श्री शरद जैन जी, जनभागीदारी अध्यक्ष श्री दिलीप दुबे, प्राचार्य डॉ.. गीता श्रीवास्तव, विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. सुनील श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता मिश्रा एवं विभागीय सदस्य डॉ. सुलेखा मिश्रा, डॉ. दीपक श्रीवास्तव, डॉ. संध्या पचौरी, एवं डॉ. वरुण राव बंसोड़कर का योगदान रहा।

# संसदीय कार्यशाला आयोजन का प्रकाशित समाचार

## शासकीय मानकुंवरबाई महिला महाविद्यालय में संसदीय कार्यशाला का आयोजन

# विधानसभा की कार्यवाही से लेकर प्रस्तावों पर चर्चा, निर्णयों को जाना

जबलपुर। नईदुनिया रिपोर्टर

**देश की संसदीय व्यवस्था की स्थापना के संगठनात्मक परिप्रेक्ष्य के बारे में छात्राओं ने जाना। इसके साथ ही मध्यप्रदेश विधानसभा की कार्यवाही के संदर्भ में विधानसभा की विभिन्न समितियों और उनके कार्यों के संबंध में जानकारी, तारांकित अतारांकित प्रश्नों, प्रश्नकाल, शून्यकाल, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर चर्चा व निर्णय आदि के बारे में स्टूडेंट्स ने विस्तार से जाना।**




जबलपुर। मानकुंवरबाई महिला महाविद्यालय के प्रेक्षागृह में संसदीय कार्यशाला के दौरान उपस्थित अतिथि वक्ता।

मौका था मानकुंवर बाई कॉलेज के राजनीति शास्त्र विभाग के द्वारा आयोजित संसदीय कार्यशाला का, पं. कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ भोपाल द्वारा प्रायोजित एक दिवसीय कार्यशाला में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री शरद जैन रहे। विशिष्ट अतिथि कॉलेज की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष पं. दिलीप दुबे रहे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. गीता श्रीवास्तव ने की। विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. सुनील श्रीवास्तव व डॉ. राधा अग्रवाल ने छात्राओं को संसदीय प्रक्रिया से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शरद जैन ने जानकारी दी कि मध्यप्रदेश विधानसभा



कार्यशाला में महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता दी।

के सदस्यों द्वारा समय-समय पर देश की विभिन्न विधानसभाओं व विभिन्न देशों की व्यवस्थापिकाओं का भ्रमण कर उनकी कार्यविधि की जानकारी प्राप्त की जाती है व आवश्यक होने पर अपनी प्रक्रियाओं में उनका समावेश करते हैं। छात्राओं ने इस दौरान मंत्री जी से संसदीय प्रक्रियाओं से संबंधित प्रश्न पूछे जिनका उत्तर उन्होंने दिया। कार्यक्रम का संचालन राजनीतिशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता मिश्रा ने किया। इस अवसर पर कॉलेज जनभागीदारी समिति के सदस्य अरुण अग्रवाल, शरद मिश्रा, राजेश ठाकुर, हरिराम खरे व छात्र संघ अध्यक्ष रितु शुक्ला, उपाध्यक्ष दिव्या बघेल, सहसचिव प्रियांशी विश्वकर्मा उपस्थित रहीं।

# Experts apprise students about Parliamentary affairs in workshop

■ Staff Reporter

DEPARTMENT of Political Science, Government Mankunwar Bai Arts and Commerce Autonomous College for Women on Saturday organised a day-long Parliamentary workshop sponsored by Pandit Kunjilal Dubey Rashtriya Sansadiya Vidyapeeth, Bhopal.

Minister of State for Medical Education Sharad Jain was present as chief guest, while President Janbhagidari Samiti, Dilip Dubey was special guest. Principal Dr Geeta Shrivastava presided over the prorgamme.

Dr Sunil Shrivastava and Dr Radha Agrawal were present as subject experts informed students about significant aspects related to parliamentary affairs. Highlighting importance and compulsion of parliamentary affairs in democratic system, Dr Agrawal focused on organisational context behind parliamentary proceedings in India.

Minister of State Sharad Jain emphasised on need of parliamentary proceedings for success of democratic system. He described about Question Hour, Zero Hour, Call Attention Motion, various committees and its' works in the Legislative Assembly. He also informed about visits of members of Madhya Pradesh Legislative Assembly to other states assemblies of the country and other countries to collect details about their workings and proceedings so that they can involve significant points to make their proceedings more effective. Later, during interactive session, Minister of State Jain lent a patient ear while listening to students' queries and replied them accordingly. Janbhagidari President Dubey emphasised on awareness of voters to ensure strong democracy. As only awared and educated voters can establish healthy democracy. Dr Sunil Shrivastava further informed about entire process of concerned with making of Acts from Bill in the Parliament. The programme was compered by HoD Department of Political Science, Dr Sunita Mishra, while a vote of thanks was proposed by Abhilasha Bohre.

Others specially present included MLA representative, Arun Agrawal, Sharad Mishra, Hariram Khare, Student Union's office-bearers president, Ritu Shukla, Vice-President, Divya Baghel and Joint Secretary, Priyanshi Vishwakarma.



Minister of State Sharad Jain addressing the programme at MKB College. (Pic by N K Budhodi)